दिन– शुक्रवार | दिनांक– 19 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. राजधानी पटना समेत प्रदेश का अधिकांश इलाका घने कोहरे की चपेट में। कड़ाके की ठंड को देखते हुये कई जिलों में स्कूलों के समय में किया गया परिवर्तन।

02. दिल्ली की अदालत ने राबड़ी देवी की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने अपने और परिवार के सदस्यों के खिलाफ दर्ज चार मामलों को दूसरी बेंच में ट्रांसफर करने का अनुरोध किया था।

03. विकसित भारत जी–राम–जी विधेयक सहित कई महत्वपूर्ण विधेयकों के पारित होने के साथ संसद का सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित।

04. और, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– राज्य के विभिन्न भागों में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए पेट्रोल पंपों, ढाबों और रेस्टोरेंट्स सहित प्रमुख स्थानों पर इलेक्ट्रिक चार्जिंग प्वाइंट लगाये जायेंगे।

———————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश का अधिकांश इलाका घने कोहरे की चपेट में है। कड़ाके की ठंड के कारण आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। विभिन्न स्थानों पर जिला प्रशासन की ओर से अलाव का प्रबंध किया गया है। आज पटना, समस्तीपुर, जहानाबाद, खगड़िया, सहरसा, दरभंगा, पूर्णिया और किशनगंज समेत कई जिलों में घना कुहासा छाया रहा। इधर, घने कोहरे के कारण हवाई और रेल यातायात प्रभावित हुआ है। पटना हवाई अड्डे से कल दस विमानों को रद्द कर दिया गया। वहीं, कई विमान देरी से उड़े या पहुंचे। पटना से दिल्ली के बीच चलने वाली तेजस राजधानी, सम्पूर्णक्रांति एक्सप्रेस और मगध एक्सप्रेस ट्रेनें दो से तीन घंटे की देरी से पहुंची। रेलवे ने यात्रियों को यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की अद्यतन जानकारी लेने की सलाह दी।

———————————————————

पटना जिला प्रशासन ने ठंड और घने कोहरे की स्थिति को देखते हुए स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन किया है। पटना के डीएम त्यागराजन एसएम ने बताया कि आठवीं तक के स्कूलों में पढ़ाई दस बजे से शुरू होगी। वहीं, आठवीं से ऊपर की कक्षाओं में नौ बजे से क्लास शुरू होंगे।

–––बाईट–––

इधर, मुंगेर जिला प्रशासन ने सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में दसवीं कक्षा तक के पठन–पाठन को कल से तेईस दिसम्बर तक के लिए बंद करने की घोषणा की है। वहीं, ग्यारहवीं और उससे ऊपरकी कक्षाओं का संचालन सुबह दस बजे

से शाम चार बजे तक किया जायेगा। सारण और मोतिहारी में भी दसवीं तक के सभी स्कूलों को इक्कीस दिसम्बर तक बंद करने घोषणा की गयी है।

———————————————————————

आज गया में सबसे कम न्यूनतम तापमान बारह दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राज्य के सभी जिलों में न्यूनतम तापमान पन्द्रह डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया किया। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के तीस से अधिक जिलों में घना कुहासा छाया रहेगा। वहीं, इक्कीस से बाईस दिसम्बर को प्रदेश के अधिकांश भागों में मध्यम से घना कुहासा छाये रहने की सम्भावना है।

———बाईट———

इधर, ठंड और प्रदूषण के असर से बच्चे और बुजुर्ग लोग अधिक प्रभावित हो रहे हैं। आईजीआईएमएस के अधीक्षक डॉक्टर मनीष मंडल ने बताया कि अस्पताल में पहुंचने वाले तीस प्रतिशत से अधिक की मरीज ठंड और प्रदूषण से पीड़ित हैं। श्री मंडल ने लोगों से भोजन में ऐसी चीजों को शामिल करने की सलाह दी है जो शरीर को गर्म रखे।

———————————————————————

नागर विमानन मंत्रालय ने यात्रियों को कोहरे के कारण उड़ानों में होने वाली समस्याओं के लिए हवाई अड्डों और आधिकारिक प्लेटफॉर्मों से नवीनतम जानकारी लेते रहने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा कि वह मौसम विभाग के साथ मिलकर काम कर रहा है और वास्तविक समय के मौसम पूर्वानुमानों के आधार पर परिचालन संबंधी निर्णय लिए जा रहे हैं। कुछ उड़ानें एयरलाइंस द्वारा रद्द की जा रही हैं और यात्रियों को हवाई अड्डों तक अनावश्यक यात्रा से बचने के लिए पहले ही सूचित किया जा रहा है। मंत्रालय ने कहा कि एयरलाइंस प्रभावित यात्रियों को धनवापसी और निःशुल्क पुनर्निर्धारण की सुविधा दे रही हैं।

———————————————————————

दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने राबड़ी देवी की उस अर्जी को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने आईआरसीटीसी और लैंड फॉर जॉब घोटाला मामले की सुनवाई को वर्तमान न्यायाधीश विशाल गोंगने की बेंच से दूसरे जज की बेंच मे ट्रांसफर करने की मांग की थी। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि मामले को स्थानांतरित करने के लिए कोई ठोस और पर्याप्त आधार सामने नहीं रखा गया है, ऐसे में ट्रांसफर की मांग न्यायसंगत नहीं है। राऊज एवेन्यू कोर्ट लैंड फॉर जॉब से जुड़े मामले में लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव, तेज प्रताप यादव

और अन्य के खिलाफ आरोप तय करने का नौ जनवरी दो हजार छब्बीस को फैसला सुनाएगा।

———————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य की परिवहन आवश्यकताओं और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए यह कदम अत्यंत आवश्यक है। उपमुख्यमंत्री ने पटना में आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि पेट्रोल पंपों, ढाबों और रेस्टोरेंट्स सहित प्रमुख स्थानों पर इलेक्ट्रिक चार्जिंग प्वाइंट लगाए जाएं ताकि आम लोगों को इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग में सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि इससे न केवल इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा मिलेगा बल्कि निजी निवेश को भी प्रोत्साहन मिलेगा। चार्जिंग स्टेशन स्थापित होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने में भी मददगार होगी।

———————————————————————

गोपालगंज जिले के ऐतिहासिक सिद्धपीठ थावे मंदिर में चोरी के मामले में अभी तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो पायी है। सारण के डीआईजी नीलेश कुमार ने बताया कि इस मामले में गठित एसआईटी की टीम अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। डीआईजी ने चोरों की तस्वीर जारी करते हुये सुराग देने वालों को एक लाख रूपये इनाम देने की घोषणा की है।

———————————————————————

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई है। इसके साथ ही उन्नीस दिन का सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। सत्र के दौरान कुल पन्द्रह बैठक हुईं। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

संसद का शीतकालीन सत्र, जो एक दिसंबर से शुरू हुआ था, आज संपन्न हो गया। सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ और चुनाव सुधारों पर विशेष चर्चा हुई। इसके अलावा, सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक भी पारित किए गए। इसमें विकसित भारत दृ गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण)रू जी राम जी बिल शामिल हैं। जिसने बीस वर्ष पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 का स्थान लिया है। इस विधेयक के तहत अब प्रत्येक ग्रामीण परिवारों को हर वित्तीय वर्ष में सौ दिन की बजाय, एक सौ पच्चीस दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। संसद ने भारत के रूपांतरण के लिए परमाणु ऊर्जा का टिकाऊ उपयोग और विकास दृ शान्ति विधेयक 2025, सबका बीमा दृ सबकी सुरक्षा दृ बीमा कानूनों में संशोधन, विधेयक 2025, और निरसन और संशोधन विधेयक, 2025 को भी मंजूरी दी। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————————

संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने शीतकालीन सत्र सम्पन्न होने के बाद संवाददाताओं को जानकारी देते हुए इस सत्र को बहुत उपयोगी बताया।

———बाईट———

———————————————————————————

संसद ने विपक्ष के विरोध के बीच विकसित भारत – वीबी जी राम जी विधेयक, दो हजार पच्चीस ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। विधेयक से हर वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को एक सौ पच्चीस दिन का रोजगार मिलेगा। राज्यसभा में विधेयक पर चर्चा का उत्तर देते हुए ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार राष्ट्र प्रथम के विचार के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास के बिना देश का विकास नहीं हो सकता। श्री चौहान ने कहा कि सरकार समाज के वंचित वर्गों को लाभ पहुंचाने के लिए अथक प्रयास कर रही है।

———बाईट———

हम पैसा बचाना नहीं चाहते, हम रोजगार देना चाहते हैं। गांव को विकसित बनाना चाहते हैं। इसलिए इसी साल बजट में प्रस्तावित है, एक लाख 51 हजार 2 सौ 82 करोड़ रुपया और ये रुपया कहां जाएगा, ये मजदूरों को मजदूरी देने भी जाएगा, ये गांव के विकास के लिए भी जाएगा। अकेले भारत सरकार 95 हजार छह सौ करोड़ रुपया खर्चा करेगी।

केन्द्र सरकार इस विधेयक के माध्यम से वर्ष दो हजार सैंतालीस में विकसित भारत की राष्ट्रीय परिकल्पना के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा तैयार करना चाहती है।

———————————————————————————

केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने विकसित भारत जी राम जी बिल पर विपक्ष के विरोध पर कहा कि राहुल गांधी किसी भी चीज का विरोध कर सकते हैं। श्री सिंह ने संसद से बिल के पास होने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मनरेगा को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया गया था। उन्होंने कहा कि नई योजना से ग्रामीण अर्थव्यवथा मजबूत होगी।

———बाईट———

वहीं, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार ने विपक्ष की आवाज सुने बिना इस बिल को मंजूर कराया है।

———बाईट———

———————————————————————————

पूर्वी चंपारण के केसरिया में निगरानी विभाग की टीम ने आंगनबाड़ी केंद्र की महिला पर्यवेक्षिका अंबालिका कुमारी को चार हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के पुलिस उपाधीक्षक अखिलेश कुमार ने बताया कि मठिया पंचायत निवासी जनार्दन प्रसाद के आवेदन की जांच के बाद यह कार्रवाई की गई।

————————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नबीन तेईस दिसंबर को पहली बार पटना पहुंचेंगे। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज इसकी जानकारी दी।

———बाईट———

उन्होंने बताया कि नितिन नबीन के आगमन पर रोड शो किया जायेगा जो पटना एयरपोर्ट से शुरू होकर शेखपुरा हाउस, राजवंशी नगर हनुमान मंदिर और उच्च न्यायालय होते हुये मिलर हाई स्कूल मैदान में समाप्त होगा।

————————————————————————

नालंदा जिले के राजगीर में आज से तीन दिवसीय राजगीर महोत्सव शुरू हुआ। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने महोत्सव का उद्घाटन किया। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। कार्यक्रम के पहले दिन आज जाने–माने गायक कैलाश खेर अपनी प्रस्तुति देंगे।

————————————————————————

पूर्व राज्यसभा सदस्य और राजद अधिवक्ता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजनीति प्रसाद का पटना के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर पूर्व केंद्रीय मंत्री जय प्रकाश नारायण यादव और राजद अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार भूषण सहित अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. राजधानी पटना समेत प्रदेश का अधिकांश इलाका घने कोहरे की चपेट में। कड़ाके की ठंड को देखते हुये कई जिलों में स्कूलों के समय में किया गया परिवर्तन।

02. दिल्ली की अदालत ने राबड़ी देवी की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने अपने और परिवार के सदस्यों के खिलाफ दर्ज चार मामलों को दूसरी बेंच में ट्रांसफर करने का अनुरोध किया था।

03. विकसित भारत जी–राम–जी विधेयक सहित कई महत्वपूर्ण विधेयकों के पारित होने के साथ संसद का सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित।

04. और, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– राज्य के विभिन्न भागों में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए पेट्रोल पंपों, ढाबों और रेस्टोरेंट्स सहित प्रमुख स्थानों पर इलेक्ट्रिक चार्जिंग प्वाइंट लगाये जायेंगे।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।